Title: Need to take action to call off strike by group 3 and 4 employees of Government Hospitals in Delhi.

श्री मोहन सिंह (देवरिया): सभापति महोदय, मैं एक गंभीर सवाल इस सदन के सामने रखना चाहता हूं। आज पूरी दिल्ली में सारे अस्पताल बंद हैं। हम सभी को ऐनैक्सी के अस्पताल में कोई देखने वाला नहीं है। ऑल इंडिया इंस्टीटयूट से हमारे क्षेत्र के दर्जनों मरीज आज बाहर कर दिए गए। राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मरीजों की भर्ती नहीं हो रही है। ग्रुप ३ और ४ के कर्मचारियों की हड़ताल हो गई है। भारत सरकार इस पर बिल्कुल खामोश है, उसका समाधान नहीं निकाल रही है। ऑल इंडिया इंस्टीटयूट में पूरे हिन्दुस्तान से मरीज आते हैं। आज अस्पताल के अधिकारियों ने मरीजों को बाहर कर दिया। इसलिए मैं चाहता हूं कि सरकार इस पर तत्काल कदम उठाए और हड़ताल को खत्म कराए।

... (व्यवधान)

इतने गंभीर सवाल पर भारत सरकार मौन है, हाथ पर हाथ रखकर बैठी है और मरीजों का नुकसान हो रहा है। भारत सरकार इस पर अविलंब कदम उठाए और कर्मचारियों की हड़ताल को खत्म करवाकर अस्पताल की व्यवस्था को तत्काल नॉर्मल करे।

... (व्यवधान)